## खास-खबरें

### पटवारी संघ ने वेतन काटने का विरोध जताया, दिया ज्ञापन



गंजबासौदा। मध्य प्रदेश पटवारी संघ ने तहसीलदार को प्रेषित ज्ञापन सोंपा जिसमें विगत दिनों केवाईसी की प्रगति पर असंतोष जताते हुए 15 पटवारियों के एक दिवसीय वेतन काटने का आदेश दिया है सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि तीन दिवस के अंदर उक्त आदेश को वापस लिया जाए आदेश निरस्त के होने तक कार्य विशेष न करने का ऐलान किया है,

### स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार होगा कल

विदिशा (निप्र)। प्रदेश में स्वामी विवेकानंद का जन्म-दिवस 12 जनवरी को प्रतिवर्ष युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। विद्यालयीन संस्थाओं में 12 जनवरी को प्रात: 9 से प्रात: 10.30 बजे तक सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन होगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम और मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन भी होगा। इसी दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रेडियो पर संदेश प्रसारित होगा। सामूहिक सूर्य नमस्कार में कक्षा- 6छठीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भागीदार होंगे। सामूहिक सूर्य- नमस्कार में शामिल विद्यार्थियों को योग और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के महत्व के बारे में भी बताया जाएगा।

### फ़ूड फेस्टिवल व मेगा हॉस्पिटैलिटी ट्रेड फेयर आज

जबलपुर। आज सुबह 10 बजे मध्य भारत के प्रथम मेगा हॉस्पिटैलिटी ट्रेड फेयर व फूड फेस्टिवल का शुभारंभ लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह जी द्वारा होगा। यह फूड फेस्टिवल परिवारों के लिए प्रथम बार एक अनूठे प्रारूप में रहेगा जिसमें जबलपुर के श्रेष्ठ रेस्टोरेंट्स के स्टॉल में उनकी सबसे अच्छी 5 डिश रहेगी और एवं किसी भी अनइनस्टॉल में कोई भी डिश रिपीट नहीं होगी, जिससे आपको 100 से अधिक अलग-अलग व्यंजन उपलब्ध रहेंगे। मेगा हॉस्पिटैलिटी ट्रेड फेयर का आयोजन मध्य भारत में यह पहली बार किया जा रहा है जोकि होटल एंड रेस्टोरेंट वेलफेयर एसोसिएशन जबलपुर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस तरह के ट्रेड फेयर केवल दिल्ली या मुंबई जैसे शहरों में ही होते हैं और यह जबलपुर की बड़ी उपलब्धि है कि ऐसा आयोजन जबलपुर में हो रहा है। इस आयोजन से मध्य भारत के सभी होटल और रेस्टोरेंट को दिल्ली नहीं जाना होगा और यहीं पर उनकी जरूरत की हर बड़ी कंपनी उन्हें उपलब्ध होगी यह ट्रेड फेयर उन लोगों के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है जो नए व्यवसाय के रूप में होटल या रेस्टोरेंट खोलने के इच्छुक हैं।

# अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह को पकड़ने में मंदसौर पुलिस को मिली सफलता

## मुख्य सरगना सहित चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

मंदसौर।



**मंदसौर पुलिस को एक अहम मामले में अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह को पकड़ने में महती सफलता प्राप्त हुई है।गिरोह के लोग कई राज्यों में इसे ऑपरेट कर रहे थे।साथ ही कई लोगों के फर्जी अकाउंट का भी इसमें इस्तेमाल किया जा रहा था। मंदसौर पुलिस की त्वरित कार्यवाही से आखिरकार इसका खुलासा हुआ।**

कुछ दिनों पूर्व मंदसौर निवासी सूरज गुप्ता ने मंदसौर पुलिस को सूचना दी थी कि उनके साथ कुछ लोगों ने ठगी की है।ठगी टाटा समूह के ब्रांड ज़ुडीओ की फ्रेंचायजी देने के नाम पर की गई थी।जिसमें आरोपियों ने उनसे ठगी करते हुए 38 लाख 67 हजार रुपए ठग लिए थे।लेकिन कोई फ्रेंचाइजी नहीं दी गई।

इस पर कार्यवाही करते हुए एस पी अभिषेक आनंद ने तकनीकी विश्लेषण के पश्चात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौतम सोलंकी एवं नगर पुलिस अधीक्षक सतनाम सिंह के मार्गदर्शन में दो टीमें बनाकर एक टीम बिहार एवं एक टीम पश्चिम बंगाल रवाना की।13 दिनों तक दोनों टीमें पटना एवं कोलकाता में रुककर आरोपियों की पहचान करती रही।जिसके बाद मुख्य आरोपी की पहचान जितेंद्र सिंह पिता राजकुमार(31) वर्ष के रूप में हुई।जिसे काफी मशक्कत के बाद कोलकाता एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। साथ ही शेष आरोपियों सचिन रंजन , अमीश कुमार एवं नीतीश कुमार को बिहार के नवादा जिले से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार किए गए आरोपी बहुत ही शातिर थे एवं कोई सबूत नहीं छोड़ते थे।इन्हें ट्रेस करने के लिए पुलिस टीम को बिहार के नवादा पुलिस कंट्रोल रूम में बैठकर कुछ दिनों तक सी सी टी वी पर लगातार नजर रखना पड़ी।आरोपियों के पास से 23 लाख 31 हजार 4 सौ रुपए नकद,11 मोबाइल फोन ,38 मोबाइल सीम और 30 ए टी एम कार्ड भी जब्त किए गए।उपरोक्त टीम को सराहनीय कार्य करने हेतु एस पी अभिषेक आनंद ने 10000 रुपए का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। साथ ही नवादा पुलिस द्वारा सहयोग करने के लिए उन्हें मंदसौर पुलिस प्रशस्ति पत्र भेजेगी।

उपरोक्त टीम में कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर,उप निरीक्षक अभिषेक बौरासी,उप निरीक्षक विनय बुंदेला,मूलचंद धाकड़,संजय प्रताप सिंह,साइबर शाखा दिल्ली के प्रभारी अमित वर्मा सहित 18 पुलिस कर्मियों का दल शामिल था।उप निरीक्षक अभिषेक बौरासी इससे पहले भी पुलिस के लिए चुनौती बने कई मामलों का सफलता पूर्वक खुलासा कर चुके हैं।



# माँ वैत्रवती गंगा की 113 वीं महागंगा आरती संपन्न

**विदिशा ( निप्र )।** जिला माँ वैत्रवती गंगा मंगल आरती सेवा समिति के तत्वावधान में विगत 16 वर्षो से माँ वैत्रवती गंगा को साफ-स्वच्छ, सुंदर, बारहमासी सदानीरा बनाने शासन-प्रशासन, जनमानस, जनप्रतिनिधियों को जागृत करने के उद्देश्य से माँ वैत्रवती गंगा की एक-एक दिन की गणना के साथ नित्य गंगा आरती की जा रही है।

नित्य गंगा आरती के संयोजक मानसेवी बेतवा पुत्र भजन गायक पं.मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि माँ वैत्रवती गंगा की नित्य गंगा आरती के हर 50 दिन बाद समिति द्वारा एक महागंगा आरती का आयोजन किया जाता है। इसी श्रृंखला में विगत संध्या गौधूली बेला में सांयकाल 6 बजे माँ वैत्रवती गंगा की नित्य गंगा आरती के 5651 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य 113 वीं चारों दिशाओं वाली महागंगा आरती का आयोजन पूर्व ओर वर्तमान शासकीय-अशासकीय कर्मचारियों के मुख्य आतिथ्य एवं जिझोतिया ब्राह्मण समाज विदिशा की अध्यक्षता में बडबाला घाट पर किया गया। इस वर्ष गंगा दशहरा माँ वैत्रवती गंगा जयंती महोत्सव 5 जून को समिति द्वारा जरूरतमंद बहिन-बेटियो और माता-पिता के सहायतार्थ निशुल्क सामुहिक विवाह सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। माँ वैत्रवती गंगा के किनारे में स्थित सभी घाटो के जीर्णोद्धार सौंदर्यकरण का संकल्प लिया। इस अवसर पर पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष ओपी चतुर्वेदी के साथ लगभग 50 सेवानिवृत्त कर्मचारी उपस्थित रहे। विदिशा के राजा साहब भगवानसिंह के सुपुत्र बडी हवेली वाले ठाकुर साहब, परशुराम सेवा दल के संयोजक पं.सुरेश दुबे भी उपस्थित रहे, जिनका समिति के सदस्य मुन्नालाल रघुवंशी, चरणसिंह लोधी, राजू झा द्वारा अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया।

# पंजाबी महिला विकास समिति ने शाल व स्वेटर किए वितरित



गंजबासौदा।

पंजाबी महिला विकास समिति के तत्वाधान में समिति अध्यक्ष श्रीमती सुरजीत स्वदेश छाबड़ा की ओर से उनकी माताजी की पुण्यतिथि पर निज निवास पर लगभग 50 से अधिक गरीब और असहाय लोगों को शॉल तथा स्वेटर वितरित किए गए। साथ ही उन्हें स्वल्पाहार भी कराया।

इस अवसर पर समिति सचिव अनीता अरोरा के साथ साथ मीनू अरोरा, भावना शर्मा, सीमा शर्मा, नवनीत छाबड़ा, नरेंद्र छाबड़ा, पायल अरोरा, रेखा अरोरा, मंजू अरोरा, चंचल अरोरा, संध्या अरोरा, प्रीत छाबड़ा, कृष्णा राजपूत, ऋतु अरोरा, स्वीटी अरोरा, दीपा अरोरा, स्नेहा खत्री, अदिति अरोरा, सहित अनेक समिति सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहें।

### दिन और रात के तापमान में 3 डिग्री की बढ़त फिर भी कड़ाके की सर्दी

उज्जैन। शहर में अचानक लुढ़का पारा कल थोड़ा संभला, जिससे शुक्रवार को दिन और रात के तापमान में 3 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। हालांकि इसके बाद भी ठंड का असर कम नहीं हुआ। सुबह से लेकर रात तक ठंड से शहर को ठिठुरने पर मजबूर कर रखा है। लोग गर्म कपड़ों और अलाव का सहारा लेते नजर आ रहे हैं।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आज से दिन और रात के तापमान में और बढ़ोतरी होने की संभावना है, जिससे कड़ाके की ठंड से थोड़ी राहत मिलने के आसार है।वेधशाला अधीक्षक डॉ. आरपी गुप्ता ने बताया कि बुधवार को अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री दर्ज हुआ था, जो कल गुरुवार को 3 डिग्री उछलकर 27.5 डिग्री पर आ गया था।

# फर्जी शेयर एडवायजरी कंपनी चलाने वाले सात आरोपी पुलिस रिमाण्ड पर

उज्जैन।

फर्जी शेयर एडवायजरी कंपनी खोलकर लोगों को शेयर मार्केट में इन्वेस्ट कर कम समय में अधिक रुपए कमाने का लालच देने वाली पांच कंपनियों पर पुलिस ने दबिश देकर 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनमें से 7 आरोपियों को पुलिस रिमाण्ड पर लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में और नए नाम सामने आने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि बुधवार दोपहर पुलिस की अलग-अलग टीमों ने फ्रीगंज क्षेत्र की कांचवाली बिल्डिंग, एके बिल्डिंग, कुबेर होटल, विशाल मेगामार्ट पर दबिश देकर फर्जी तरीके से शेयर एडवायजरी कंपनी चलाने वाले 18 लोगों को गिरफ्तार कर यहां काम करने वाले 130 युवक-युवतियों को पकड़ा था। मामले में पुलिस ने कर्मचारी युवक-युवतियों को गवाह बनाकर छोड़ दिया था और कंपनी संचालकों को धोखाधड़ी आईटी एक्ट के मामले में गिरफ्तार किया था।

पुलिस ने बताया कि फर्जी एडवायजरी कंपनी खोलकर लोगों से शेयर मार्केट में उक्त लोगों ने लाखों रुपए इन्वेस्ट कराए थे। जिन कंपनियों के शेयर खरीदने और बेचने की बात लोगों को बताई वह सही थी या गलत इसकी जांच के अलावा अब तक लोगों से प्राप्त किए रुपए कहां इन्वेस्ट कराए इसकी पूछताछ की जा रही है। खास बात यह कि कंपनी चलाने वालों ने लाखों की संख्या में लोगों के मोबाइल नंबर व पर्सनल डाटा कहां से प्राप्त किया इसके संबंध में भी पूछताछ की जा रही है।

**रिमांड में सामने आ सकते हैं नए नाम:** पुलिस ने गिरफ्तार कंपनी संचालकों को कोर्ट में पेश किया था जहां से चंदन, शशि मालवीय और आशुतोष ललावत को नीलगंगा थाना पुलिस के सुपुर्द रिमांड पर सौंपा गया जबकि अजय, अभिषेक, सुनील और वैभव को माधव नगर पुलिस के सुपुर्द रिमांड पर दिया गया। अब सातों आरोपियों से पुलिस रिमांड पर पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि रिमाइंड के दौरान पूछताछ में नए आरोपियों के नाम सामने आ सकते हैं और यह संख्या बढ़ सकती है।

# साप्ताहिक जनरल परेडः एसपी ने की अनुशासन और टीम वर्क की तारीफ

सीहोर।



**पुलिस लाइन में शुक्रवार को साप्ताहिक जनरल परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने परेड की सलामी लेने के बाद निरीक्षण किया।**

उन्होंने कहा कि परेड अनुशासन, फिटनेस और टीम वर्क का उत्कृष्ट उदाहरण है। जानकारी के अनुसार रक्षित निरीक्षक उपेन्द्र यादव के नेतृत्व में आयोजित परेड में जवानों ने निर्धारित अभ्यासों का प्रदर्शन किया।

अर्दली रूम में अनुशासनहीनता और गैर हाजिर कर्मचारियों के मामलों का निराकरण किया गया तथा कर्मचारियों की समस्याएं सुनी गईं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत भी किया गया।कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग, नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत, डीएसपी विजय अंभोरे, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविंद्र यादव, अजाक एवं महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अंसारुल हक और सूबेदार यातायात ब्रजमोहन धाकड़ सहित कुल 72 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने जल मिशन की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया

**विदिशा ( निप्र )।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में पेयजल आपूर्ति के संबंध में किए जा रहे प्रबंधो हेतु नियुक्त जल मिशन व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के माध्यम से कार्यो की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने पिछले एक माह में उपलब्धियां नगण्य रहने पर असंतोष व्यक्त करते हुए लटेरी के उपयंत्री पुष्पेन्द्र दांगी का वेतन रोकने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री संतोष साल्वे को स्पष्ट सचेत करते हुए कहा कि भविष्य में विभाग के प्रमुख सचिव द्वारा अर्द्धशासकीय पत्र मुझे प्रेषित किया जाता है तो संबंधितो पर कार्यवाही करने में कहीं चूक नहीं होगी।

# सिद्धि बाला बोस लायब्रेरी शताब्दी समारोह का शुभारंभ

जबलपुर।



बंगभाषियों की प्राचीन संस्था सिद्धि बाला बोस लायब्रेरी एसोसियेशन सिटी बंगाली क्लब के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत वर्ष भर विविध आयोजन होंगे समारोह का शुभारंभ 12 जनवरी विवेकानन्द जयंती दिवस पर सुबह 11.30 बजे प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में होगा।

यह जानकारी संस्था एवं आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने देते हुए बताया कि संस्था की स्थापना बंगाली समुदाय की संस्कृति, कला, भाषा और साहित्य को प्रोत्साहित करने और इस समृद्ध विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से की गई थी। इसका नाम राय बहादुर प्रभात चन्द्र बोस की पत्नी सिद्धि बाला बोस के सम्मान में रखा गया। संस्था की भूमि का पंजीयन 24 जनवरी 1925 को हुआ था। इसके पहले अध्यक्ष राय बहादुर एस एन वराट (1925-1929) और पहले सचिव एन एल मुखर्जी (1925- 1932) थे। इस संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य प्रसिद्ध हस्तियां रहे है जिनमें प्रमुख रूप से पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय प्रणव मुखर्जी, राय बहादुर प्रभात चन्द्र बोस, तुलसी दास बैनर्जी, मनोरंजन चटर्जी, डॉक्टर एस सी वराट, डॉक्टर आर एन चटर्जी, डॉक्टर एस के मुखर्जी, डॉक्टर जे बी सेन, डॉक्टर के सी नियोगी, जस्टिस सी पी सेन शामिल है।

शताब्दी शुभारंभ कार्यक्रम में शताब्दी गुब्बारा, लोगो, झंडा का लोकार्पण, शताब्दी गीत की लोकार्पण के साथ विशिष्टजनों का सम्मान, शहर के अन्य बंगाली संस्था के पदाधिकारियों का सम्मान के अलावा प्रसिद्ध गायक राजशेखर वासु द्वारा गीत संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा

**स्पेशल कवर का प्रकाशन**

शताब्दी वर्ष के अवसर पर डाक विभाग द्वारा स्पेशल कवर का प्रकाशन 24 जनवरी को किया जाएगा, शताब्दी वर्ष पौधारोपण, 2 मार्च को प्रसिद्ध नाटक लज्जा का मंचन दिल्ली के नवपल्ली नाटक ग्रुप द्वारा किया जाएगा ड्रामा वर्कशॉप, बांग्ला नाट्य उत्सव, एकांकी नाटक, आवृत्ति (बांग्ला कविता पाठ), जात्रा, साहित्य गोष्ठी, नजरुल गीत, रविन्द्र संगीत, शास्त्रीय संगीत, नाम कीर्तन, भजन संध्या, बांग्ला लोक नृत्य, लोक संगीत, खेलकूद व अन्य प्रतियोगिता का आयोजन होगा इसके अलावा स्वस्थ कैंप, एम.डी बंगाली स्कूल एवं क्लब का पुनर्मिलन कार्यक्रम के साथ विभिन्न महापुरुषों की जयंती साथ ही इस वर्ष दुर्गा पूजा भव्यता से आयोजित की जाएगी।

# नगरीय विकास एवं आवास विभाग के द्वारा ई-नगर पालिका 2.0 सॉफ्टवेयर लॉन्च किया

सीहोर।



नगरीय विकास एवं आवास विभाग के द्वारा ई-नगर पालिका 2.0 सॉफ्टवेयर लॉन्च किया जा रहा है। शुक्रवार को नगर पालिका के कक्ष में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित, राजस्व सभापति अजयपाल राजपूत के समक्ष टीम के लीडर आकाश शुक्ला, अभिषेक रेकवार और राजस्व से जीवन सिंह दांगी आदि ने इस संबंध में एप्लीकेशन की बारीकियों से अवगत किया गया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए ई-नगर पालिका के पार्टल मैनेजर जीवन सिंह दांगी ने बताया कि ई-नगर पालिका 1.0 के जरिए 22 नागरिक सेवाएं दी जा रही हैं। इसमें 15 मॉड्यूल शामिल हैं। ई-नगर पालिका को अलग-अलग विभागों जैसे उद्योग, राजस्व, पंजीयन विभाग और भारत सरकार के अहम मोबाइल एप्लीकेशन से भी जोड़ा गया है। नए पोर्टल में एक मॉड्यूल सुविधाएं जोड़ी गई हैं। इनमें जीआईएस आदि सुविधा शामिल की गई है। उन्होंने बताया कि ई-नगर पालिका 1.0 जोकि वर्ष 2015-16 में चालू किया गया था। गत वर्ष 22 दिसंबर 2023 को पोर्टल हैक हो जाने के कारण पोर्टल एवं सर्वर ठीक से चल नहीं पा रहा था। मध्यप्रदेश नगरीय प्रशासन द्वारा नवीन पोर्टल उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए आरंभ दिया गया है जिसे शुल्क जमा करने के लिए तैयार किया गया है, नए पोर्टल में उपभोक्ताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यूपीआई केस चेक द्वारा भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। नया पोर्टल आज दिनांक से लाइव हो गया है जिसके माध्यम से आम उपभोक्ता संपत्ति कर एवं जलकर पोर्टल के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं, उन्होंने बताया कि यह परियोजना डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने और नागरिकों को पारदर्शी तरीके से सेवाएं देने के मकसद से तैयार की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, ई-नगर पालिका सॉफ्टवेयर के जरिये सभी नागरिक सेवाओं, जन शिकायत सुविधा, निकायों की आंतरिक कार्य प्रणाली, हर तरह के भुगतान व बजट प्रक्रिया को ऑनलाइन माध्यम में लाया गया है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश पहला ऐसा राज्य बनने जा रहा है, जहां प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को एक पोर्टल पर लाया गया है। कॉमन सर्विस सेंटर, एम ऑनलाइन, कियोस्क सेंटर और भुगतान गेटवे के साथ ई-नगर पालिका 2.0 को जोड़ा जाएगा। अब नए पोर्टल को क्लाउड पर शिफ्ट कर दिया जाएगा।


## कार्यालय, पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण शाला (एमटी), भोपाल (म.प्र.)

**पुलिस विभाग के वाहनों के रख-रखाव हेतु टायर-ट्यूब क्रय करने हेतु 03 माह के लिए ऑनलाइन**

**निविदा आमंत्रित**

कार्यालय पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण शाला (एमटी), भोपाल में पुलिस विभाग के वाहनों के रख-रखाव हेतु टायर-ट्सूब आवश्यकतानुसार क्रय करने हेतु 03 माह के लिए दर अनुबंध किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है। नियम एवं शर्ते तथा अनुबंध की विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in तथा www.mppolice.gov.in की बेवसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रकाशन की दिनांक | 06/01/2025 के 17:00 बजे। |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभ की दिनांक | 06/01/2025 के 18:00 बजे। |
| प्री बिड मीटिंग दिनांक | 15/01/2025 के 12:00 बजे। |
| निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 20/01/2025 के 11:00 बजे। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 27/01/2025 के 14:00 बजे। |
| निविदा खोलने की दिनांक | 28/01/2025 के 16:00 बजे। |

जी-21412/24 पुलिस अधीक्षक पी.टी.एस. (एमटी), भोपाल